PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Punjab Kesari, Delhi
Thu, 08 Jun 2017, Page 4
Width: 10.99 cms, Height: 16.75 cms, a4, Ref: 44.2017-06-08.57

पाकिस्तान और बंगलादेश सीमा पर फ्लडलाइट लगाने का काम पूरा

नई दिल्ली, (भाषा): सरकार ने पाकिस्तान और बंगलादेश सीमा पर आतंकवाद और घुसपैठ रोकने के लिये 647 किमी लंबी सीमा रेखा में फ्लडलाइट लगाने का काम पूरा कर लिया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने आज बताया कि एक साल के भीतर दो अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर 647 किमी लंबी सीमारेखा को फ्लडलाइट से रौशन करने का काम पूरा किया गया है। इससे सीमा पर निगरानी का काम न सिर्फ आसान होगा बल्कि रात के समय आतंकवादियों की घुसपैठ को रोकने में भी मदद मिलेगी। गृह मंत्रालय की 5188 करोड़ रुपये की व्यय राशि वाली इस परियोजना के तहत भारत बंगलादेश और भारत पाकिस्तान सीमा पर 2138 करोड़ रुपये की लागत से फ्लडलाइट लगायी गयी है। शेष राशि के व्यय से 200 किमी सीमाक्षेत्र पर बाड़ लगाकर तारबंदी की गयी, 430 किमी सीमाक्षेत्र में सड़क निर्माण कराया गया, 110 सीमा चौकियां निर्मित की गयीं। अधिकारी ने बताया कि इस परियोजना का मकसद 3323 किमी लंबी भारत पाकिस्तान सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा और 4096 किमी लंबी भारत बंगलादेश सीमा रेखा तथा 3488 किमी लंबी भारत चीन सीमा रेखा पर आधारभूत विकास कार्य पूरे करना है। इसके अलावा मंत्रालय ने सीमावर्ती इलाकों में आदर्श ग्राम स्थापित करने की नयी परियोजना भी शुरू की है।

एक वर्ष के भीतर 647 किमी लंबी सीमा रेखा हुई रौशन, निगरानी का काम अब होगा आसान

इसके लिये मंत्रालय ने 7 राज्यों में 41 आदर्श ग्राम स्थापित करने के लिये 92 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। इनमें से 24 गांव जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों से शामिल किये गये हैं।